भारत सरकार

संसदीय कार्य मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 2506

दिनांक 10.08.2026 को उत्तर के लिए

एनवाईपीएस 2.0 और सीसीएमएस की वर्तमान स्थिति

2506 डॉ. कविता पाटीदार:

डॉ. रामराव सखाराम वडकुते:

क्या **संसदीय कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) पंजीकृत संस्थानों, प्रत्येक माध्यम के अंतर्गत आयोजित बैठकों और पोर्टल के ज़रिए नामांकित प्रतिभागियों की संख्या सहित राष्ट्रीय युवा संसद योजना (एनवाईपीएस) 2.0 के शुभारंभ से लेकर आज की तिथि तक इसमें सहभागिता का दायरा क्या है;

(ख) परामर्श समिति प्रबंधन प्रणाली (सीसीएमएस) को लागू करने की मौजूदा स्थिति क्या है और इसमें शामिल किये गए मंत्रालयों और परामर्शदात्री समितियों की संख्या कितनी-कितनी है;

(ग) विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों, लघु शिक्षण संस्थानों और सामाजिक रूप से वंचित समूहों के बीच, एनवाईपीएस में व्यापक सहभागिता को बढ़ावा देने के लिए कौन-कौन से कदम उठाए गए हैं;

(घ) क्या सरकार पाठ्यक्रम एकीकरण, क्षमता निर्माण और डिजिटल उन्नयन जैसे उपायों के ज़रिए एनवाईपीएस और सीसीएमएस को और मज़बूत करने का विचार रखती है; और

(ङ) यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

सूचना और प्रसारण मंत्रालय में राज्य मंत्री; और संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री

(डॉ. एल. मुरूगन)

(क) **और (ग)** मंत्रालय ने 11 सितंबर 2024 को राष्ट्रीय युवा संसद योजना (NYPS) वेब पोर्टल के उन्नत संस्करण एनवाईपीएस 2.0 की शुरूआत की है। केवल मान्यता प्राप्त संस्थानों के विद्यार्थियों तक ही सीमित पिछले संस्करण के विपरीत एनवाईपीएस 2.0 देश भर के सभी शैक्षणिक संस्थानों, समूहों और नागरिकों के लिए उपलब्ध है। इसकी शुरूआत के बाद से, पोर्टल पर हर मोड के अंतर्गत दर्ज किए गए संस्थागत, समूह और व्यक्तिगत पंजीकरणों और आयोजित की गई बैठकों का विवरण इस प्रकार है:

अवधि	संस्थान द्वारा भागीदारी			समूह द्वारा भागीदारी			व्यक्तिगत भागीदारी	प्रतिभागी नागरिकों/ विद्यार्थियों की कुल संख्या (क+ख+ग)
	पंजीकरणों की संख्या	आयोजित कार्यक्रमों की संख्या (यु.सं.स. की संख्या*)	प्रतिभागी विद्यार्थियों की संख्या (क)	पंजीकरणों की संख्या	आयोजित कार्यक्रमों की संख्या (यु.सं.स. की संख्या)	प्रतिभागी नागरिकों/ विद्यार्थियों की संख्या (ख)	प्रतिभागी नागरिकों/ विद्यार्थियों की संख्या (ग)	
11.09.2024 को शुरूआत से 21.07.2026 तक	4939	1611	54518	732	26	982	48291	103791

(ख) विभिन्न मंत्रालयों के लिए गठित 42 परामर्शदात्री समितियों की जानकारी संसदीय कार्य मंत्रालय के परामर्शदात्री समिति प्रबंधन प्रणाली (सीसीएमएस) पोर्टल, यानी https://oams.nic.in/ccms/index.aspx पर उपलब्ध है, जो एक सुलभ दस्तावेज़ है।

(घ) से (ङ) एनवाईपीएस वेब पोर्टल के दायरे को और विस्तृत करने के लिए, मंत्रालय ने सभी राज्य सरकारों, संघ राज्य क्षेत्रों के प्रशासनों, राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के विधानमंडलों और विभिन्न शिक्षा बोर्डों (सीबीएसई, सीआईएससीई) को भी लिखा है और साथ ही संसद टीवी पर समय-समय पर एक प्रचार वीडियो ट्यूटोरियल भी प्रसारित किया जाता है। सीसीएमएस पोर्टल को हितधारकों की ज़रूरतों के अनुसार समय-समय पर लगातार डिजिटल रूप से अपग्रेड किया गया है।

***